सन्मार्ग
खबरें अनेक सच्चाई एक
sanmarg.in

22nd June, 2019

आईआईटी भुवनेश्वर में योग साधना

भुवनेश्वर : आईआईटी भुवनेश्वर में शुक्रवार को पांचवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। संस्थान के स्थायी परिसर में इस दिवस को तीन दिनों तक मनाया गया। आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो आरवी राजाकुमार के साथ विद्यार्थियों, फैकल्टियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारवर्ग ने सक्रियता के साथ हिस्सा लिया। प्रो आरवी राजा कुमार ने अपने संबोधन में दैनिक जीवन में योगाभ्यास के लाभों को बताया और प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में इसके महत्वों पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्य रंजन साहू ने निस्वास तकनिकियों और ध्यान लगाने का प्राक्टिकल लाइन सेशन दिया जिसमें सभी दर्शकों ने हिस्सा लिया। मौके पर आईआईटी भुवनेश्वर के रजिस्ट्रार कर्नल (डा) सुबोध कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत गोल्लापुड़ी और डा बंकीम चंद्र मंडल ने किया जबकि अन्य में आईआईटी भुवनेश्वर स्टूडेंट्स जीमखाना के अध्यक्ष डा संकर्षण महापात्र और स्टूडेंट अफैयर्स के डिन प्रो वीआर पेडीरेड्डी उपस्थित थे।